# नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हृदय रोगियों को नया जीवन – दो जटिल ओपन हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक पूर्ण



**एनएसएमसीएच में ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा शुरू**

**बिहटा (एसएनबी)।** बिहटा के अमहरा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एनएसएमसीएच) में ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा शुरू की गयी है। इस संबंध में शुक्रवार को पहली सर्जरी 21 वर्षीय युवती की की गई। पीड़िता को माइट्रल स्टेनोसिस और एओर्टिक रिगर्जिटेशन की गंभीर समस्या थी। चिकित्सकों की टीम में शामिल डॉ. केके सिंह, डॉ. पुलक तोष, डॉ. रवि, परफ्यूजनिस्ट श्री दत्ता, सुश्री प्रीति की अगुवाई में डबल वॉल्व का रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक किया गया। टीम के समर्पण और उत्कृष्ट सर्जिकल कौशल के कारण मरीज की हृदय गति को फिर से सामान्य किया गया। दूसरी सर्जरी 62 वर्षीय महिला की की गई जो डबल वेसल डिजीज (दो धमनियों में गंभीर रुकावट) से परेशान थी। उसका कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग कर हृदय की रक्त आपूर्ति को फिर से सुचारू किया गया। इस संबंध में चिकित्सकों की टीम ने बतलाया कि ऑपरेशन के बाद दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं और एक नए जीवन की शुरुआत कर रहे हैं। वहीं अस्पताल के निदेशक कृष्ण मुरारी सिंह ने कहा कि दोनों मरीजों की सफल सर्जरी यह साबित करती है कि नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल उन्नत चिकित्सा तकनीकों और अत्यधिक अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञों के साथ हृदय रोगियों के लिए एक नई रोशनी बनकर उभरा है। यह हम सभी के लिए गर्व और खुशी का विषय है।

डॉक्टरों की टीम ने किया 21 वर्षीय युवती के डबल वॉल्व का रिप्लेसमेंट

**एनएमसीएच : सर्जरी ओटी में हुआ नौ मरीजों का ऑपरेशन**

**पटना सिटी (एसएनबी)।** एनएमसीएच के सर्जरी ओटी में आठ दिनों के बाद शुक्रवार को नौ मरीजों का ऑपरेशन किया गया। सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो पीडी वर्मा ने उनकी यूनिट में रखे गये नौ मरीजों का ऑपरेशन किया गया है। शनिवार को भी रोगियों का ऑपरेशन होगा। विभागाध्यक्ष के अनुसार ओटी को संक्रमण मुक्त रखने के लिए प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को सर्जरी के जेनरल ओटी की साफ-सफाई और फ्यूमिगेट कराने के लिए बंद रखा जायेगा। बताते चलें कि 14 फरवरी को अस्पताल के पानी की टंकी भरने के बाद पानी नाला से ओवर फ्लो करते हुए ओटी में प्रवेश कर गया। इस कारण सर्जरी ओटी में पानी जमा हो गया था। इसके बाद से ऑपरेशन बाधित था।

**पटना, (तारीख)** – नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (NSMCH) ने हृदय रोगियों के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। संस्थान में अब **ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध** है, और हाल ही में दो जटिल हृदय शल्य चिकित्सा पूरी तरह सफल रही, जिससे मरीजों को नया जीवन मिला।

पहली सर्जरी **21 वर्षीय युवती** पर की गई, जिसे **माइट्रल स्टेनोसिस और एओर्टिक रिगर्जिटेशन** की गंभीर समस्या थी। जीवन के इस नाजुक मोड़ पर, **CTVS विशेषज्ञों की टीम – डॉ. के.के. सिंह, डॉ. पुलक तोष, डॉ. रवि, तथा परफ्यूजनिस्ट श्री दत्ता और सुश्री प्रीति** की अगुवाई में **डबल वाल्व रिप्लेसमेंट (DVR)** सफलतापूर्वक किया गया। टीम के समर्पण और उत्कृष्ट सर्जिकल कौशल के कारण, मरीज की हृदय गति को फिर से सामान्य किया गया। ऑपरेशन के बाद, वह पूरी तरह स्वस्थ है और एक नए जीवन की शुरुआत कर रही है।

दूसरी सर्जरी **62 वर्षीय महिला** के लिए की गई, जिन्हें **डबल वेसल डिजीज (दो धमनियों में गंभीर रुकावट)** से जूझना पड़ रहा था। उनके लिए **कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग (CABG - ऑफ पंप)** की गई, जिससे उनकी हृदय की रक्त आपूर्ति फिर से सुचारू हो गई। सर्जरी के बाद, उन्होंने तेजी से स्वास्थ्य लाभ किया और अब पूरी तरह से स्वस्थ जीवन व्यतीत कर रही हैं।

दोनों मरीजों की सफल सर्जरी यह साबित करती है कि **नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल** उन्नत चिकित्सा तकनीकों और अत्यधिक अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञों के साथ हृदय रोगियों के लिए एक नई रोशनी बनकर उभरा है। आज वे दोनों मरीज अपने परिवार के साथ सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जी रहे हैं, यह हम सभी के लिए गर्व और खुशी का विषय है।

**NSMCH का मिशन सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि मरीजों को नया जीवन और एक नई आशा देना है।**

जागृत टाइम्स

# नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ओपन हर्ट सर्जरी की सुविधा शुरू

**बिहटा/संवाददाता।** बिहटा के अमहरा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा शुरू किया गया है। पहली सर्जरी एक 21 वर्षीय युवती से की गई। जिसे माइट्रल स्टेनोसिस और एओर्टिक रिगर्जिटेशन की गंभीर समस्या थी। चिकित्सकों की टीम में डॉ के.के. सिंह, डॉ पुलक तोष, डॉ रवि, परफ्यूजनिस्ट श्री दत्ता, सुश्री प्रीति की अगुवाई में डबल वाल्व का रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक किया गया। टीम के समर्पण और उत्कृष्ट सर्जिकल कौशल के कारण, मरीज की हृदय गति को फिर से सामान्य किया गया।दूसरी सर्जरी 62 वर्षीय महिला को की गई।जो डबल वेसल डिजीज (दो धमनियों में गंभीर रुकावट) से काफी परेशान थे। जिन्हें कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग कर हृदय की रक्त आपूर्ति को फिर से सुचारू किया गया। इस संबंध में चिकित्सकों की टीम ने बतलाया कि ऑपरेशन के



बाद, दोनों पूरी तरह स्वस्थ है और एक नए जीवन की शुरूआत कर रहे है। वही अस्पताल के निदेशक कृष्ण मुरारी सिंह ने कहा कि दोनों मरीजों की सफल सर्जरी यह साबित करती है कि नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल उन्नत चिकित्सा तकनीकों और अत्यधिक अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञों के साथ हृदय रोगियों के लिए एक नई रोशनी बनकर उभरा है। यह हम सभी के लिए गर्व और खुशी का विषय है।

# एनएसएमसीएच में ओपन हार्ट सर्जरी शुरू

बिहटा। अमहरा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एनएसएमसीएच) में ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा शुरू किया गया है। पहली सर्जरी एक 21 वर्षीया युवती की हुई। जिसे माइट्रल स्टेनोसिस और एओर्टिक रिगर्जिटेशन की गंभीर समस्या थी। सर्जरी डॉ.केके सिंह, डॉ.पुलक तोष, डॉ.रवि की अगुवाई में डबल वाल्व का रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक किया गया।

दैनिक जागरण 22.02.25

# एनएसएमसीएच में शुरू हुई ओपन हार्ट सर्जरी



सफल ओपन हार्ट सर्जरी के बाद डा.के साथ मरीज • जागरण

संवाद सूत्र, जागरण • बिहटा : अमहरा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कालेज व अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा शुरू की गई। पहली सर्जरी एक 21 वर्षीय युवती से की गई। जिसे माइट्रल स्टेनोसिस और एओर्टिक रिगर्जिटेशन की गंभीर समस्या थी। चिकित्सकों की टीम में डा. केके. सिंह, डा. पुलक तोष, डा. रवि, परफ्यूजनिस्ट श्री दत्ता, सुश्री प्रीति की अगुवाई में डबल वाल्व का रिप्लेसमेंट सफलतापूर्वक किया गया। टीम के समर्पण और उत्कृष्ट सर्जिकल कौशल के कारण, मरीज की हृदय गति को फिर से सामान्य किया गया। दूसरी सर्जरी 62 वर्षीय महिला को की गई। जो डबल वेसल डिजीज (दो धमनियों में गंभीर रुकावट) से काफी परेशान थीं, जिन्हें कोरोनरी आर्टरी बायपास ग्राफ्टिंग कर हृदय की रक्त आपूर्ति को फिर से सुचारू किया गया। इस संबंध में चिकित्सकों की टीम ने बतलाया कि आपरेशन के बाद, दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। वहीं, अस्पताल के निदेशक कृष्ण मुरारी सिंह ने कहा कि दोनों मरीजों की सफल सर्जरी यह साबित करती है कि नेताजी सुभाष मेडिकल कालेज एवं अस्पताल उन्नत चिकित्सा तकनीकों और अत्यधिक अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञों के साथ एक नई रोशनी बनकर उभरा है।